

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट/दैनिक यशोन्नति/2/
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 45 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 15 अ टूबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## कले टर एवं एसपी ने किया खवासा चैक पोस्ट का निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल एवं पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने 13 अे टूबर को बरघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले खवासा चैक पोस्ट पहुंचकर एस एस टी टीम द्वारा जारी वाहन जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा वाहनों के रिकार्ड रजिस्टर का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने महाराष्ट्र सीमा से लगे चैक पोस्ट में पदस्थ कर्मियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रवेश कर रहे प्रत्येक वाहन की चैंकिंग की जाये तथा इस प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी की जाये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस?व रेखा देशमुख सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर दो कर्मचारी निलंबित

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मोबाइल ऐप सी-विजल के माध्यम से आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए बने सी-विजल सेंटर में सहायक ग्रेड-3 तनोज राउत नगरपालिका परिषद सिवनी एवं सहायक ग्रेड-3 उमेश त्रिवेदी महिला बाल विकास विभाग सिवनी की ड्यूटी लगाई गई थी। सहायक नोडल अधिकारी शिकायत सेल द्वारा सेल का रात्रि 1 बजे औचक निरीक्षण के दौरान श्री तनोज एवं श्री त्रिवेदी ड्यूटी टाईम पर अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए गए।

उक्त कृत्य के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल द्वारा सहायक ग्रेड 3 तनोज राजत एवं सहायक ग्रेड-3 उमेश त्रिवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री तनोज एवं श्री त्रिवेदी का मु यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी रखा गया है।

## सी-विजिल सेल से अनुपस्थित : कारण बताओ नोटिस जारी

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान मोबाइल ऐप सी-विजिल के माध्यम से आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी श्री विकास दुबे के अनाधिकृत रूप से सेल से अनुपस्थित पाए जाने को लेकर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा सेल प्रभारी श्री दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब चाहा गया है। समय सीमा में जवाब प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## जबरन नॉलेज




# आज से शारदीय नवरात्र शुरू, देवी पीठ एवं पूजन पंडालों में व्यापक तैयारियाँ



सिवनी यशोः- आज रविवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। नवरात्रि पर्व को उत्साह और आस्था के साथ मनाने के लिये सिवनी नगर सहित पूरे जिले में दुर्गा पूजन पंडाल लंबे समय से तैयारियों में जुटे हुये है माता रानी की सेवा के लिये जहाँ शहर के हर क्षेत्र में आकर्षक पूजन पंडाल बनाये गये है वहीं जिले के देवी पीठो में माता रानी की आराधाना के लिये विशेष तैयारियाँ की गयी है । शहर सहित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरत्र पर माता रानी की आकर्षक झांकी स्थापित की जाती है । अनेक पूजन पंडाल ऐसे है जो सौ वर्ष से अधिक समय से शारदीय नवरात्र पर मातारानी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित करते है । सिवनी जिला मु यालय का नवरात्र पर्व बहुत गरिमा और आकर्षण के साथ मनाया जाता है । यहां की देवी प्रतिमाओं की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर भी होती है । अपनी गरिमा और परंपरा के अनुसार इस बार भी भव्य तैयारियाँ की जा रही है ।

देवी प्रतिमाओं की आकर्षक झांकी पूजन पंडालों में स्थापित होने के साथ ही जिले के देवी पीठों की मान्यता भी बहुत अधिक है देवी पीठों में अपार श्रद्धा और भक्तिभाव से माता रानी की आराधना होती है । जिले में माता धूमावती का प्रसिद्ध देवी पीठ है, आष्टा में पुरातात्विक माता काली का सिद्ध पीठ, छपारा में बंजारी माता, बाघ देव बंजारी माता मंदिर, ब्र हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित माता बालाजी त्रिपुर सुंदरी मंदिर, आदेगांव का सिद्ध देवी पीठ, षष्ठीमाता मंदिर, सहित अनेक ऐसे याति प्राप्त देवी पीठ है जिन पर श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा है । इसके साथ ही सिवनी नगरीय क्षेत्र में अनेक देवीपीठ है जहाँ विदेशो से भी नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश स्थापित करने के लिये श्रद्धा भाव से भक्तगण ज्योतिकलश स्थापित करवाते है और देवी पीठों में बड़ी सं या में ज्योति कलश रखे जाते है । देवी मंदिरों में भव्य तैयारियां पूर्ण की गयी है और यहाँ ज्योति कलशों के साथ माता की बाड़ी बोई जाती है ।

श्रद्धालु रविवार से मंदिरों में माता के भव्य दर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही भक्तों की सं या को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के भी पु ता इंतजाम मंदिर प्रबंधन द्वारा किए गए हैं। मंदिरों को भव्यता के साथ सजाया गया है । नवरात्रि के शुभ मुहूर्त से मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ सप्तशती के पाठ प्रारंभ हो जायेंगे ।

इसी प्रकार दुर्गा पूजन पंडालों को तैयार करने का काम भी पिछले कई दिनों से चल रहा है और दुर्गा उत्सव समितियाँ तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है । दुर्गा पूजन समितियों ने नवरात्र की पूर्व संध्या पर माता की मूर्ति और पूजन सामग्री एकत्रित करने का काम कर तेजी से किया है और जिन पूजन पंडालों की मूर्तियों को मूर्तिकारों ने तैयार नहीं किया है उन्हें तेजी से पूर्ण करने में मूर्तिकार जुटे हुये है । अनेक पूजन पंडालों में बाजे गाजे के साथ मूर्तियाँ जाने का क्रम प्रारंभ हो गया है । बहुत ही श्रद्धा और भक्तिभाव से आज से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होगा ।

# मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापना आज

## परंपरा और आस्था का अद्भुत संगम

सिवनी यशोः- प्रतिवर्ष अनुसार श्री सार्वजनिक मां शक्ति पूजा विद्युत मंडल परिवार बरघाट रोड सिवनी द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा की स्थापना आज 15 अे टूबर रविवार को हर्षोल्लास, गहन आस्था, विश्वास एवं भक्ति के माहौल में की जा रही है ।दउपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति ने बताया कि परंपरा अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के मध्य की जाएगी । इसके साथ-साथ प्रतिदिन भारतीय संस्कृति के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा ।

प्रथम दिवस प्रतिमा स्थापना के उपरांत द्वितीय दिवस से अभिनव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्री गणेश होगा । जिसमें 16 अे टूबर सोमवार को रंगोली. फैंसी डेस एवं एकल नत्य प्रतियोगिता । 17 अे टूबर तृतीया

**श्री सार्वजनिक मां शक्ति पूजा विद्युत मंडल परिवार बरघाट रोड का आयोजन**

को कुर्सी दौड़ एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता 18 अे टूबर चतुर्थी को गे स 19 अे टूबर पंचमी को अंताक्षरी 20 अे टूबर षष्ठी को कराओके सॉन्ग एवं 21अे टूबा सप्तमी के दिन शनिवार को गरबा का आयोजन समिति परिवार द्वारा किया गया है । इसके साथ अंतिम दिवस महानवमी रविवार 22 अे टूबर को पूजाथाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।

प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक होंगे । सांस्कृतिक आयोजन में सहभागिता हेतु इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन करा कर भाग ले सकेंगे ।

कार्यक्रम एवं आयोजन समिति के संरक्षक अधीक्षण अभियंता पी के अग्रवाल द्वारा सभी को नवरात्रि महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति को निर्देश दिए गए की संपूर्ण आयोजन आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों को पूरी तरह पालन करते हुए संपन्न किया जाए एवं उसी के अनुरूप समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं । दुर्गा उत्सव आयोजन समिति ने समस्त नगर वासियों से आयोजन में सहभागी होकर धर्म लाभ उठाने की अपील करते हुए सभी से आदर्श आचार संहिता के अनुरूप व्यवहार एवं सहभागिता की अपेक्षा की है ।

# महाराज अग्रसेन जन्मोत्सव पर वाहन रैली आज, होगा हवन-पूजन

## अग्रवाल समाज करेगा गौरव बढ़ाने वाले मेद्यावी विद्यार्थियों का स मान



सिवनी यशोः- अग्रकुल शिरोमणि महाराज श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव 15 अे टूबर रविवार को भव्यता से सिवनी अग्रवाल समाज मनाएगा। सुबह 10 बजे वाहन रैली से कार्यक्रम की प्रारंभ होंगे। मठ मंदिर परिसर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए अतिथियों के साथ लूघरवाड़ा अग्रसेन भवन पहुंचेगी। यहां पर महाराजश्री अग्रसेन के पूजन व हवन में अतिथि व सामाजिक जन हिस्सा लेंगे। महाराजश्री का हवन पूजन में बसंत अग्रवाल श्रीमती सुनीता अग्रवाल मु य यजमान रहेंगे। आरती पूजन के बाद मु य समारोह में अतिथियों का स्वागत, परिचय, उद्बोधन व पुरस्कार वितरण होगा। समारोह में मु य अतिथि के रूप में नागपुर के प्रसिद्ध डा. प्रकाश प्रहलाद राय खेतान एवं डा. अनूप जी गर्ग नागपुर उपस्थित रहेंगे। मंचीय कार्यक्रम में पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों व समाज के मेद्यावी विद्यार्थियों को स मानित किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अग्रसेन जन्मोत्सव पर शाम 5 बजे शहर के दुर्गा चौक से महाराज श्रीअग्रसेन की भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी।

### आनंद मेला-कुर्सी दौड़ ने किया मनोरंजन

प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि 13 अे टूबर शुक्रवार को तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ आनंद मेला का शुभारंभ कर किया गया। अग्रनारी शक्ति मंच की अध्यक्ष श्रीमती पूजा अग्रवाल व सदस्यों की उपस्थिति में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल श्रीमती करूण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने रिबिन काटकर आनंद मेले का शुभारंभ किया। आनंद मेला में स्वादिष्ट व्यंजन व मनोरंजक गेम के स्टाल लगाए गए, जिसका बड़े-बच्चों ने सभी ने लुत्फ उठाया। पासिंग द पार्सल, महिला व पुरूषों के लिए यूजिकल चेयर गेम (कुर्सी दौड़) ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया।



### 9 प्रतिभागी बने अग्रधनी, जीती धनराशि

शाम 4 बजे से कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर कौन बनेगा अग्रधनी प्रतियोगिता आयोजित की गई। एक-एक घंटे के चार सत्र में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चे व बड़े वर्ग में कुल 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अग्रधनी के संचालक शिवम अग्रवाल ने प्रतिभागियों को चार ग्रुप में बांटकर पहले फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट में पांच-पांच सवाल के जवाब पूछे सबसे तेज जवाब देने वाले प्रतिभागी के साथ अग्रधनी खेल को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में ऐ सपर्ट के तौर पर पोदार लर्निंग स्कूल की प्राचार्य श्रीमती विद्या शानकर उपस्थित रही। अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारियों ने प्राचार्य विद्या शानकर का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रतिभागियों से भगवान श्रीराम, धर्म संस्कृति, महाराज अग्रसेन, सिवनी सहित देश और दुनिया के बारे में ज्ञानवर्धन सवाल पूछे गए। 9 प्रतिभागियों ने अलग-अलग अग्रधनी प्रतियोगिता में सवालों का जवाब देकर ईनामी धनराशि जीती। दो प्रतिभागी ने सर्वाधिक 4100-4100 रुपये के सवाल तक पहुंच सके ।अग्रधनी प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशाल अग्रवाल व निकुंज अग्रवाल ने विशेष योगदान दिया।

## भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन आज 27 ग्रामों मे करेंगे सघन जनसंपर्क



सिवनी यशोः- आज रविवार 15 अे टूबर को भारतीय जनता पार्टी के सिवनी विधानसभा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 27 ग्रामों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों मुलाकात करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम नगझर स्थित साई मंदिर मे मंदिर में दर्शन व पूजन के उपरांत जनसंपर्क अभियान प्रारंभ करते हुए प्रातः 10:00 बजे ग्राम बिहीरिया (जमुनिया)पहुंचेंगे। इसके पश्चात श्री राय 10:20 बजे सिहोरा-घाटपिपरिया, 10:40 बजे बलारपुर, 11:00 बजे भाटीवाडा, 11:20 बजे खापा, 11:40 बजे महलोन-जोगीवाडा, 12:00 बजे बजरवाडा, 12:20 बजे कलारबांकी, 12:40 बजे थांवरी, 01:00 बजे लुंगसा, 01:20 बजे पौण्डी, 01:40 बजे बीसावाडी, 02:00 बजे कुकलाह, 02:40 बजे अलोनिया, 03:00 बजे गोरखकलां, 03:20 बजे परासिया-झिलमिली, 03:40 बजे खिरखिरी, 04:00 बजे गोरखपुर खुर्द, 04:20 बजे नारायणगंज, 04:40 बजे बांकी, 05:00 बजे जुरतरा, 05:20 बजे जुझारपुर, 05:40 बजे दुकली, 06:00 बजे बंडोल, 06:20 बजे राहीवाडा 06:40 बजे थावरी, 07:00 बजे ग्राम खामखरेली पहुंचेंगे तथा जनसंपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान श्री राय के साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

# शिवराज सरकार ने मध्यप्रदेश को खुशहाल बनाने का काम किया- दिनेश राय मुनमुन

## पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और ग्रामीण बंधुओं से भेंट कर शुभकामनाएं एवं विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया

सिवनी यशोः- यशस्वी शिवराज चौहान की सरकार ने लगातार कार्य

**-गांव-गांव पहुंचने पर बुजुर्गो, माताओ, बहनों ने तिलक कर दिया आशीर्वाद, युवाओं ने किया आत्मीय स्वागत**





करते हुए मध्यप्रदेश का चहुंमुखी विकास कर प्रदेश को खुशहाल एवं प्रगतिशील बनाने का काम किया है। उक्ताशय की बात सिवनी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन द्वारा जनसंपर्क अभियान के दौरान कही गयी। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीण बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने 24 घंटे बिजली, हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के साथ किसानों को बिना ब्याज का कृषि ऋृण, और बेहतर सड़को के माध्यम से मध्यप्रदेश का चहुँमुखी विकास कर प्रदेश खुशहाल बनाने का काम किया है, प्रदेश के हर वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राहत प्रदान की है। शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधाएँ बेहतर बनायी गयी है । छोटे छोटे गांव तक शिक्षा के लिये स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने के साथ-साथ स्कूलों का उन्नयनीकरण कर शिक्षा को सुगम शिवराज सरकार ने बनाया। दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि आदिवासी वर्ग को पेसा ऐ ट के माध्यम से अधिक अधिकार संपन्न बनाने का काम संवेदनशील भाजपा की सरकार ने किया है। शनिवार, दिनांक 14 अे टूबर को दिनेश राय मुनमुन ने बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर मंदिर मे भगवान शिव जी के दर्शन व पूजन के उपरांत प्रातः 10:00 बजे से जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरदाई पहुंचें। इसके पश्चात श्री राय ने जनतानगर, पिपरिया, केकडवानी, सुकवाह, कोकीवाडा, मैली, डोरली छतरपुर, पलारी, आमाझिरिया, डुंगरिया, चीचबंद, पाथरफोडी, करकोटी, मेहराखापा, मुण्डरई, विजयपानी, उडेपानी, ईंदावाडी, बरेलीपार, कंजई, झीलपिपरिया, खमरिया, कंडीपार, बींझावाडा कोहका, राघादेही, बिठली एवं मानेगांव ग्राम पहुंचें तथा जनसंपर्क कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान श्री राय ने ग्राम सुकवाह में नंदराम यादव, पिपरिया मे शिवराम पटेल के निवास पहुंचकर मुलाकात किया। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों और ग्रामीण बंधुओं से भेंट कर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम पाथरफोडी मे श्रीराम मंदिर एवं करकोटी टोला, मुंडरई मे श्री हनुमान मंदिर मे दर्शन व पूजन किया। तथा ग्राम चीचबंद मे ग्रामवासियों के साथ शैला नृत्य मे भाग लिया। जनसंपर्क अभियान अंतर्गत श्री दिनेश राय मुनमुन के गांव गांव-गांव पहुंचने पर बुजुर्गो, माताओ, बहनों ने तिलक कर आशीर्वाद दिया। वहीं युवाओं द्वारा फूलमालाओं एवं ढोल बाजे से आगवानी कर आत्मीय स्वागत किया गया।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कोरोना मे दिवंगत हुए अज्ञात लोगों का श्राद्धपक्ष मे किया तर्पण



सिवनी यशोः- शनिवार 14 अे टूबर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने लखनवाड़ा घाट पर कोरोना मे दिवंगत हुए लोगों का श्राद्ध पक्ष मे तर्पण किया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन शनिवार को प्रातः 07:00 बजे मां बैनगंगा के लखनवाड़ा घाट पहुंचे। जहां पर आपने सनातन धर्म की पौराणिक मान्यताओं के अनुरूप आज पितृमोक्ष अमावस्या पर कोरोना मे दिवंगत हुए अज्ञात लोगों का श्राद्धपक्ष पर विद्वान पंडित उपेन्द्र तिवारी के मुखारविंद से प्रवाहित वैदिक मंत्रोच्चार से विधि विधान के साथ भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किये जाने उपरांत तर्पण कर नमन् किया। इस दौरान ब्र हचारी बटुक ब्रा हणों द्वारा गीता पाठ किया गया। इसके उपरांत दिनेश राय मुनमुन ने सभी विद्वानों का अंगवस्त्र से स मान किया। ज्ञात होवे कि गत वर्ष विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा कोरोना काल मे दिवंगत हुए अज्ञात लोगों की मोक्ष धाम से अस्थियों का संचय कर मां बैनगंगा के लखनवाड़ा घाट पर विधि विधान से विसर्जन किया गया था। साथ ही दिवंगतों की आत्म शांति के लिए दशगात्र पूजन व त्रियोदशी संस्कार भी कराया जाकर ब्रा हणों को दान किया गया था। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, अटल सिंह बघेल, कमल अग्रवाल, सुरेन्द्र शेरु माल्या, देवेन्द्र बघेल उपसरपंच लखनवाड़ा संकेत विक्की शिवहरे, घनश्याम बघेल सहित आमजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, दो दिन इन जिलों में होगी बारिश, IMD ने जारी किया अलर्ट

भोपाल- मध्य प्रदेश में गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मानसून की वापसी के बाद बढ़ा हुआ तापमान कम होने के बजाय बढ़ रहा है। अधिकांश शहरों का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। प्रदेश में अलग-अलग स्थान पर सक्रिय दो मौसम प्रणालियों के कारण ऐसा हो रहा है। राज्य में हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इस कारण रात के समय में उत्तरी हवा चलने से जहां न्यूनतम तापमान स्थिर बना हुआ है। वहीं, दिन के समय में हवा का रुख पश्चिमी और कभी दक्षिणी हो जाता है। इस कारण कुछ स्थानों में आंशिक बादल भी देखे गए हैं, लेकिन अधिकतम तापमान में कमी नहीं आ रही है।

शुक्रवार को दमोह में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गुना में 37.2, खजुराहो में 37, जबलपुर में 34.5, टीकमगढ़ में 35, सतना में 35.5, सागर में 35.9, भोपाल में 36.7, ग्वालियर में 36.6, इंदौर में 34.7, डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ। यहां न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस, भोपाल में 19.4, ग्वालियर में 19.3, इंदौर में 19.6, जबलपुर में 22.2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ।

राजधानी भोपाल में शुक्रवार शाम को कुछ इलाकों में काफी ठंडक महसूस की गई। न्यूनतम तापमान में भी कमी दिखाई दी। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आज से प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। इस कारण दिन की अधिकतम तापमान में कुछ कमी देखने को मिल सकती है। लेकिन रात का तापमान ऐसे ही स्थिर बना रहेगा। वहीं रविवार- सोमवार को ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान समय में आपका एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय है, जबकि मध्य महाराष्ट्र के पास एक प्रति चक्रवात बन गया है। इसी चक्रवात के कारण हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है और अरब सागर से मध्य प्रदेश की ओर नमी आ रही है।

# भोपाल में रात एक बजे तक खुली थी शराब की दुकान, तीन दुकानों पर 75 हजार जुर्माना लगाया

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चुनाव आयोग नियमों को लेकर स त है। भोपाल में आबकारी विभाग ने देररात तक शराब की दुकान खुली पाये जाने पर तीन दुकानों पर जुर्माने की कार्रवाई की है। आबकारी विभाग ने 3 शराब दुकानों को निर्धारित समय से अधिक समय तक खुला पाए जाने पर प्रत्येक दुकान पर 25 हजार रूपये के हिसाब से 75 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। प्रभारी आबकारी अधिकारी भोपाल के विगत दिनों किए गए निरीक्षण में क पोजिट मदिरा दुकान पिपलानी लायसेंसी विजय सिंह, क पोजिट मदिरा दुकान अन्ना नगर लायसेंसी भोले विश्वनाथ, क पोजिट मदिरा दुकान, करौंद चौराहा, भोपाल लायसेंसी रामस्वरूप शिवहरे द्वारा विक्रय हेतु निर्धारित समय रात 11-30 बजे के बाद रात एक बजे मदिरा दुकान खुली पाई गई एवं क पोजिट मदिरा दुकान करोंद चौराहा लायसेंसी रामस्वरूप शिवहरे मदिरा दुकान निर्धारित समय प्रातः 8-30 बजे के पूर्व प्रातः 6.45 बजे खुली पाई गई।

**यह मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम का उल्लंघन है।**

इन तीनों ही प्रकरण में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत लायसेंसियों का उक्त कृत्य, शमनीय होने से तीनों क पोजिट मदिरा दुकानो पर रूपये 25-25 हजार की शास्ति अधिरोपित किय जाने के आदेश कले टर द्वारा जारी किए गए है।

# मध्य प्रदेश के सुल्तानगढ़ में आदिमानव रहते थे, JU की रिसर्च में सबूत मिले



मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में शिवपुरी मार्ग पर मोहन के निकट स्थित प्राकृतिक वॉटरफॉल सुल्तानगढ़ में आदिमानव के रहने के प्रमाण मिले हैं। जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति विभाग की रिसर्च में उन शैल चित्रों के समूह को खोज लिया गया है, जो 15000 साल पहले बनाए गए थे।

**15000 साल पहले यहां इंसान रहते थे, अब घना जंगल है**

बताया गया है कि डिपार्टमेंट के प्रोफेसर शांति देव सिसोदिया एवं रिसर्च स्कॉलर स्टूडेंट राहुल बरैया, शिवपुरी कुछ अधिकारियों के साथ सुलतानगढ़ वॉटरफॉल गए थे। यहां पर पार्वती घाटी में झरने के नजदीक शैल चित्र मिले हैं। पत्थर पर बनाए गए यह चित्र रंगीन है। इनमें नेचुरल कलर का उपयोग किया गया है। यहां से 5 किलोमीटर दूर ÷टीकला÷ नाम के स्थान पर शैल चित्रों का समूह मिला है। ब्राह्मी लिपि में लिखा गया एक अभिलेख भी मिला है। इसके अलावा माधव नेशनल पार्क के अंदर चुड़ैल छज्जा नाम के स्थान पर ताम्र पाषाण काल के ऐतिहासिक चित्रों वाले शैलाश्रयों में ब्रह्मलिपि तथा शंख लिपि के दो अभिलेख भी मिले हैं।

**मोहन से शिवपुरी तक जंगलों में आज भी हजारों रहस्य**

उल्लेखनीय है कि उत्तर से दक्षिण की तरफ आगरा के बाद मानव स यता एवं पृथ्वी पर जीवन के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण घटनाओं के प्रमाण मिलते हैं। ग्वालियर से लेकर शिवपुरी तक का पूरा क्षेत्र महान तपस्वियों और चमत्कारी साधु संतों का आवास क्षेत्र था। ग्वालियर का नाम भी आयुर्वेद के विशेषज्ञ एक ऋषि के नाम पर रखा गया है। कहते हैं कि मोहन के आसपास के जंगलों में और शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में भीतरी क्षेत्रों में जहां वन विभाग के लोगों की नियमित पेट्रोलिंग नहीं होती, कई ऐसे जीव जंतु रहते हैं, जिनके बारे में लोगों को कोई जानकारी नहीं है। इनमें से कुछ इंसानों की तरह दो पैरों पर खड़े होते हैं लेकिन अजीब सी आवाज निकालते हैं।

# कमलनाथ को मिली BSP से चुनाव पूर्व समर्थन लाने की जि मेदारी

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार जो कुछ भी हो रहा है, वह इससे पहले कभी नहीं हुआ था। बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन किया है परंतु समर्थन कमलनाथ को दिया जाएगा। कमलनाथ ने दिल्ली में हाई कमान को इसकी जानकारी दे दी है। हाई कमान ने कहा है कि, इस समर्थन को ऑफीशियली डि लेयर किया जाए।

**चुनाव पूर्व समर्थन से या तात्पर्य है**

सन 2018 में बसपा सुप्रीमो मायावती ने चुनाव के बाद कमलनाथ को अपने विधायकों का बाहर से समर्थन दिया था। कमलनाथ को इसका फायदा यह हुआ कि, बसपा के किसी भी विधायक को मंत्री नहीं बनाना पड़ा और सरकार बनाने के लिए बहुमत भी मिल गया। इस बार केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तय हुआ है कि, कमलनाथ बसपा सुप्रीमो मायावती से चुनाव पूर्व समर्थन हासिल करेंगे। जिन सीटों पर कांग्रेस और भाजपा में सीधी टक्कर है और बसपा के कारण कांग्रेस हार जाती है, वहां पर बहुजन समाज पार्टी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं करेगी।

**मध्य प्रदेश चुनाव- गठबंधन गोंडवाना से तो समर्थन कमलनाथ को यों**

जैसा कि बताया गया है मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार वह सब कुछ हो रहा है जो परंपराओं में नहीं था। जो विचारधारा के अनुसार सही नहीं था और जो नैतिकता के अनुसार भी उचित नहीं था। बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बीच गठबंधन से दोनों पार्टियों में विधानसभा सीटों का बंटवारा हो गया है परंतु इस गठबंधन में यह शर्त नहीं रखी गई है कि पार्टी को अपने हिस्से में आई सीट से प्रत्याशी घोषित करना ही होगा या फिर पूरी ताकत से चुनाव लड़ना ही होगा।

वैसे भी राजनीति में हर समस्या के समाधान के कई रास्ते होते हैं। नामांकन फॉर्म गलत भरा जा सकता है, इसके कारण प्रत्याशी रिजे ट हो सकता है।

# राज्य सेवा परीक्षा 2022 मेंस की तारीख आगे बढ़ाई गई, अब दिसंबर में होगी

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा मध्य प्रदेश शासन के राज्य प्रशासनिक सेवा एवं समकक्ष अधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित राज्य सेवा मु य परीक्षा 2022 की तारीख बदल दी गई है। अब ये दिसंबर में आयोजित होंगी। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मु य परीक्षा 2022 के परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। पहले यह परीक्षाएं 30 अ टूबर से 4 नवंबर के बीच आयोजित की गई थी, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिए जाने के बाद एमपी लोक सेवा आयोग को अपनी परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन करना पड़ा। नए परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एमपीपीएससी राज्य सेवा मु य परीक्षा 2022 26 दिसंबर से प्रारंभ होगी और 31 दिसंबर को संपन्न होगी।

# फांसी की सजा का आरोपी हमीदिया अस्पताल से फरार, इलाज कराने लाई थी पुलिस

भोपाल। राजधानी भोपाल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां दोस्त की हत्या के आरोप में सजा काट रहा आरोपी हमीदिया अस्पताल से फरार हो गया है। इस पर फांसी की सजा भी है। जानकारी के अनुसार इस मामले में प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है। खजूरी थाने में आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज था। आरोपी का नाम रजत सेनी बताया जा रहा है। ये आरोपी इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा था। जहां से ये फरार हो गया।

**हथकड़ी खोलकर फरार हुआ आरोपी**

जानकारी के अनुसार फांसी की सजा का आरोपी फरार हमीदिया अस्पताल से फरार हो गया है। आरोपी का नाम रजत सैनी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। आज सुबह फरार हो गया है। जानकारी के मुताबिक सेंट्रल जेल से हमीदिया अस्पताल लेकर पुलिस आई थी। हत्या के अलावा आरोपी पर अन्य मामले में भी आरोप दर्ज थे। आरोपी राघोगण जिला गुना का रहने वाला है। हत्या के मामले में आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद पुलिस फरार हुए आरोपी की तलाश कर रही है।

# इजराइल-हमास युद्ध में फंसी टीकमगढ़ की बेटी की हुई भारत वापसी



टीकमगढ़। इजराइल युद्ध में फंसी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ की बेटी की वतन वापसी हुई है। बेटी चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटी है। टीकमगढ़ जिले के कुंडेश्वर धाम की रहने वाली स्वाति इजराइल में रहकर पढ़ाई कर रही थी, लेकिन हमास के हमले के बाद वह बंकर में फंस कर रह गई थी। इसके बाद बेटी के परिजनों ने मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री से अपील की थी।

इस संबंध में 8 अ टूबर को परिजन टीकमगढ़ कले टर और पुलिस अधीक्षक से भी मिले थे और वहां आवेदन दिया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और काफी प्रयासों के बाद शनिवार की सुबह उनकी बेटी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। इजराइल में वह बंकर में रह रही थी, जहां काफी समस्या थी। स्वाति ने वीडियो संदेश के जरिए वहां के डराने वाले मंजर के बारे में बताया था।

आपको बता दें कि कुंडेश्वर धाम की रहने वाली स्वाति वर्ष 2020 में इजराइल सरकार की सहमति से एमएससी एग्रीकल्चर करने के लिए इजराइल गई हुई थी, जहां पर उसे अ टूबर के पहले सप्ताह में लौटना था, लेकिन अचानक युद्ध हो जाने के चलते वह बंकर में फंस गई थी। इसके बाद परिजनों का हाल बेहाल हो गया था और उन्होंने प्रशासन से और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बेटी के सुरक्षित घर वापसी की गुहार लगाई थी। इसके बाद प्रशासन ने प्रयास किया और निजी टिकट पर उनकी बेटी शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंच गई है, जिसको लेकर बेटी के पिता-माता ने मीडिया, मध्य प्रदेश सरकार और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# लड़कियों को सिगरेट पीता देख बुजुर्ग ने कैफे में आग लगी दी, बोला- युवा पीढ़ी को सुधारने का यही तरीका

इंदौर में एक बुजुर्ग ने कैफे में आग लगा दी। जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बताया कि वे लड़कियों को यहां पर सिगरेट पीता देख परेशान रहते थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सुधारने का उन्हें यही तरीका समझ में आया। उन्होंने पुलिस से यह भी कहा कि वे पांच लाख रुपए दे सकते हैं इससे कैफे वाला अपने नुकसान की भरपाई कर लेगा। विजय से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वहां लड़कियां सिगरेट पीती हैं इससे माहौल खराब हो रहा था। मैंने तो समाज में सुधार लाने के लिए आग लगाई है। टीआई ने फटकार लगाई और कहा कि कैफे में पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस पर विजय ने कहा कि मैं पांच लाख रुपए दे दूंगा।

# ATM कार्ड बदलकर ठगी का मामला; छात्रा और एक श स के खाते से निकाले 65 हजार रुपये

भोपाल। भोपाल में एटीएम से पैसे निकालने के दौरान दो अलग-अलग एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खातों से हजारों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एटीएम कार्ड बदलकर एक छात्रा और एक श स के साथ ठगी करने के दो मामले सामने आए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, अजीम मियां (40) जिंसी जहांगीराबाद में रहते हैं और निजी काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते सात अ टूबर की शाम करीब सात बजे वह चर्च रोड जहांगीराबाद स्थित स्टेट बैंक के एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचे थे। जब वह पैसे निकाल रहे थे, तभी बाइक सवार तीन युवक पहुंचे और एटीएम में घुसकर उनके पीछे खड़े हो गए। अजीम एटीएम में अपना कार्ड लगाकर पिन डालकर रुपये निकलने का इंतजार करने लगे, लेकिन रुपये नहीं निकले।

पुलिस ने आगे बताया कि इसी बीच पीछे खड़े एक युवक ने मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और बताया कि एटीएम में खराबी है, इसलिए रुपये नहीं निकलेंगे। अजीम कार्ड लेकर दूसरे एटीएम पर पहुंचे तो वहां उनका पिन नंबर गलत बताने लगा। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर चार बार में कुल 39 हजार 300 रुपये निकलने का मैसेज मिला। जब उन्होंने अपना एटीएम कार्ड चेक किया तो पता चला कि वह उनका कार्ड नहीं था। उसके बाद उन्होंने बैंक पहुंचकर अपना एटीएम कार्ड ब्लॉक कराया और मामले की शिकायत पुलिस से की।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुरुवार को अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। एक दिन पहले बुधवार को अशोका गार्डन इलाके में नर्सिंग कॉलेज की छात्रा आकांक्षा सिंह का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने 25 हजार सात सौ रुपये निकाल लिए थे।

# मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को मेडिकल सर्टिफिकेट पर चुनाव आयोग की रोक

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में शासकीय कर्मचारियों को सरकारी डॉ टरों द्वारा जारी किए जाने वाले मेडिकल सर्टिफिकेट पर रोक लगा दी गई है। स्पष्ट किया गया है कि जो भी मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करना होगा वह मेडिकल बोर्ड की तरफ से किया जाएगा। कोई भी विशेषज्ञ डॉ टर अथवा किसी भी विशेष पद पर पदस्थ डॉ टर किसी भी कर्मचारी का मेडिकल सर्टिफिकेट जारी नहीं करेगा।

इस संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है। इसके उपरांत सिविल सर्जन की ओर से सभी डॉ टरों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसमें बताया जा रहा है कि, कले टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण सहिंता लागू की गई है जिसके चलते निर्वाचन कार्य में लगे शासकीय सेवकों द्वारा स्वास्थ्य कारणों स अवकाश के संबंध में चिकित्सा प्रमाणपत्र चिकित्सा अधिकारियों से बनवाकर जिला कार्यालय में ड्यूटी से छूट एवं अवकाश पर जाने के लिये आवेदन किये जा रहे है।

अतः संदर्भित पत्र में प्राप्त निर्देशो पालनार्थ स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुये शासकीय सेवकों को चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सा प्रमाण पत्र आर्दश आचार सहिता लागू रहने तक जारी नहीं किये जावेगें। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि ऐसे शासकीय सेवक जिनको गंभीर स्वास्थ्य समस्या है उनको मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने पर ही चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी किया जावेगा। अतः उपरोक्तानुसार निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जायें।

# 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा

**एक बार पोस्टल बैलेट जारी होने के बाद संबंधित मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर नहीं कर सकेगा वोट**

**मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक कर दिए निर्देश**



भोपाल । मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री राजन ने कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा के विकल्प को चुनने के लिए निर्धारित फॉर्म 12 डी के वितरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रूचिका चौहान, श्री बसंत कुर्रे, उप मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शु ला उपस्थित थे।

राजन ने कहा कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी ऐसे पात्र मतदाताओं को फॉर्म 12 डी का वितरण बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के माध्यम से करायें। साथ ही श्री राजन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाता, 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाता या अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न मतदाता के नाम से पोस्टल बैलेट जारी हो गया है, तो फिर वह किसी भी मतदान केंद्र में जाकर मतदान नहीं कर सकेगा।

राजन ने निर्देशित किया कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, उनके ईपिक कार्ड वितरित कराएं जाएं। सभी रिटर्निंग अधिकारी अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिन मतदान केंद्रों पर निर्धारित सं या से अधिक मतदाता हो उन मतदान केंद्रों पर नियमानुसार आवश्यक बूथ बनाए जाने का प्रस्ताव समय पर भेजें। ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में विभक्त किया जाए और सहायक मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में ही बनाया जाए। प्रदेश में होने वाले किसी भी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का राजनीतिक उपयोग कतई न किया जाए। प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई, फरार आरापियों, ईनामी आरोपियों की कार्रवाई में गति लाई जाए।

**सी-विजिल एप के माध्यम से नागरिक कर सकेंगे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत**

श्री राजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों के लिए सी-विजिल एप बनाया गया है। कोई भी नागरिक सी-विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। नागरिक स्मार्ट मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप को डाउनलोड कर सकता है। 100 मिनट में शिकायत का निराकरण किया जाएगा। श्री राजन ने कले टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को सी-विजिल एप से मिलने वाली शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

**सुविधा पोर्टल से आए आवेदनों को समय सीमा में करें निराकरण**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उ मीदवारों को नामांकन पत्र में व्यक्तिगत विवरण की ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि के लिए एक वैकल्पिक सुविधा प्रदान की है। उ मीदवारों के लिए यह सुविधा निर्वाचन आयोग के सुविधा पोर्टल के माध्यम से मिलेगी। इसके लिए उ मीदवार को पंजीयन करना होगा और मोबाइल नंबर और ओटीपी के साथ लॉगिन करना होगा। यह सुविधा अंग्रेजी और हिंदी भाषा में उपलब्ध है। अ यर्थी नामांकन पत्र और शपथ पत्र में अपने व्यक्तिगत विवरण की जानकारी दे सकते हैं। उ मीदवारों की जमानत राशि के ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी सुविधा पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध है। सुविधा पोर्टल के माध्यम से आने वाले आवेदनों का भी कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी समय सीमा के अंदर समाधान करेंगे।

# भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण हिरासत में, जेल भरो आंदोलन में शामिल होने जा रहे थे ग्वालियर



ग्वालियर। ग्वालियर में गुर्जर ओबीसी और अन्य समुदाय द्वारा कथित रूप से किए जा रहे जेल भरो आंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण को उनके अन्य साथियों के साथ मुरैना में ही हिरासत में ले लिया गया है। वह ग्वालियर में आंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे थे। चंद्रशेखर रावण को मध्यप्रदेश-राजस्थान की बॉर्डर यानी चंबल की राजघाट पर हिरासत में ले लिया है। अभी मुरैना और ग्वालियर पुलिस अधीक्षक और कले टर वार्तालाप किए।

बता दें कि इस आंदोलन के विरोध में पुलिस प्रशासन द्वारा गुरुवार सुबह से ही कड़ी मुस्तादी की जा रही थी। ग्वालियर की सीमाओं से लगे हुए अन्य जिलों से भी संपर्क साधा जा रहा था। तभी पुलिस को भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण के मुरैना की तरफ से आने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने मुरैना पुलिस से सूचना का आदान-प्रदान करते हुए चंद्रशेखर रावण, रवींद्र भाटी, अतुल प्रधान को चंबल नदी के पास से ही हिरासत में ले लिया है। मुरैना पुलिस ने इन्हें सराय छोला थाना क्षेत्र के अल्लाबेली चौकी पर बने चेकिंग पॉइंट पर ही हिरासत में लिया था और उनसे पूछताछ की जा रही है।

चंबल के राजघाट पर ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल और ग्वालियर कले टर अक्षय कुमार भी मौके पर पहुंच गए हैं। इसके बाद चंद्रशेखर रावण से मुरैना और ग्वालियर का पुलिस प्रशासन बातचीत कर रहा है। लेकिन बताया जा रहा है कि चंद्रशेखर रावण ग्वालियर में आने के लिए अड़े हुए हैं। मौके पर 1000 की सं या में पुलिस बल मौजूद है। अगर चंद्रशेखर रावण ग्वालियर में आने की जिद करते हैं तो प्रशासन उनकी गिर तारी कर सकता है।

# लाडली बहना योजना बंद कराने का षडयंत्र रच रही कांग्रेस -विष्णुदत्त शर्मा

**- कांग्रेस का एक ही प्लान- विकास की गति मंद, योजनाएं बंद**
**- कांग्रेस की मानसिकता महिला विरोधी, इसलिए लाडली बहना योजना से रखती है बैर**
**- कर्नाटक में भाजपा पर झूठा आरोप लगाने वाले अंबिकापति के घर से बरामद हुए कमीशन के करोड़ों रुपये**
**- दिल्ली मे बैठे आकाओं के ईशारे पर कांग्रेस कर्नाटक में चला रही लूट का एटीएम**




भोपाल यशोः- शनिवार14 अे टूबर को प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट करके कहा है कि चुपके से खातों में पैसे डालना मामा की आदत हो गई है। सच्चाई यह है कि दिग्विजयसिंह राजनैतिक और मानसिक रूप से दिग्भ्रमित हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी शुरू से विकास विरोधी और महिला विरोधी रही है। महिला विरोधी मानसिकता वाले कांग्रेसियों का प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में खुशहाली ला रही लाडली बहना योजना से बैर होना स्वाभाविक है और इसीलिए ये इस योजना को बंद कराने के लिए षडयंत्र रच रहे हैं। मिं. गुंडानाथ, कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह चुनाव आयोग को पत्र लिखकर लाडली बहना योजना पर रोक लगाने की मांग कर चुके हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को प्रदेश मीडिया सेंटर में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में उस व्यक्ति के घर से इनकमटै स विभाग ने 42 करोड़ रुपये बरामद किए हैं, जिसने कांग्रेस नेताओं के इशारे पर भाजपा सरकार पर कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया था।

### बहनों के हक छीनने का सपना देख रहे कलयुग के दुशासन दिग्विजय सिंह

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2018 के चुनाव में जब कांग्रेस सत्ता में आई थी, तो उसने सबसे पहले गरीब माताओं-बहनों के हक पर डाका डाला था और उनके कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाएं बंद कर दी थीं। मुझे प्रदेश की माताओं-बहनों को यह बताते हुए दुख हो रहा है कि महिला विरोधी कांग्रेस अब लाडली बहना योजना को बंद कराने का सपना देख रही है। कांग्रेस के नेता माताओं, बहनों और बेटियों के आर्थिक हक पर गिद्ध की तरह नजरें गड़ाए हुए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि जिस तरह से महाभारत काल में दुशासन ने द्रौपदी के चीरहरण का दुस्साहस किया था, उसी तरह महिलाओं के आर्थिक हक छीनने का सपना कलयुग के दुशासन दिग्विजय सिंह देख रहे हैं। शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्र शुरू होने जा रहा है और उससे पहले दिग्विजय सिंह अपनी ओछी मानसिकता का प्रमाण देते हुए इशारों-इशारों में महिलाओं के हक छीनने की बात कह रहे हैं। प्रदेश की लाडली बहनें इस ओछी हरकत के लिए दिग्विजय सिंह को कभी माफ नहीं करेंगी।

### महिलाओं का विरोध, उनका अपमान कांग्रेस की आदत

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है, जब दिग्विजय सिंह जैसे दागी नेता ने महिलाओं का अपमान किया हो। महिलाओं का अपमान, उनके बारे में अनाप-शनाप बोलना तो महिला विरोधी कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं की रग-रग में बसा है। महिलाओं को टंच माल, आइटम, टीवी पर नाचने वाली, मोटी, परकटी औरत कहना कांग्रेस की परंपरा रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की 15 महीनों की सरकार ने भी अपनी महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करते हुए उनके अधिकारों का हनन और शोषण किया। महिलाओं के श्राप से ही कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।

### कांग्रेस सरकार ने छीना था गरीबों का हक

श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने सिर्फ बहनों का हक नहीं छीना था, बल्कि पिछड़े, गरीब और शोषित वर्ग के लिए शुरू की गई योजनाएं भी बंद कर दी थीं। मु यमंत्री तीर्थदर्शन योजना बंद करके बुजुर्गों को तीर्थ दर्शन करने से रोक दिया था। किसान स मान निधि पर बहाने बनाकर किसानों का हक छीनने का काम किया था। मैचिंग ग्रांट न होने का बहाना बनाकर प्रधानमंत्री आवास लौटा दिए थे और गरीबों से अन्याय किया था। संबल योजना बंद करके गरीबों का सहारा छीन लिया था।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर किसी बात की गारंटी है, तो वो भ्रष्टाचार की गारंटी है। किसी बात की गारंटी है, तो वो परिवारवाद की गारंटी है। किसी बात की गारंटी है, तो वो तुष्टिकरण की गारंटी है। कांग्रेस के बारे में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की कही हुई यह बात आज 100 प्रतिशत सही साबित हुई है कि अगर कांग्रेस आती है, तो वह अपने आकाओं के आदेश पर राज्यों को भ्रष्टाचार का एटीएम बनाकर जनता की गाढ़ी कमाई लूटेगी। इसका ताजा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकम टै स के छापों में करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं। इन रुपयों को चेन्नई होते हुए हैदराबाद भेजा जाना था और इनका इस्तेमाल कांग्रेस तेलंगाना मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में करना चाहती थी। श्री शर्मा ने कहा कि कनार्टक के आरटीनगर में इनकम टै स ने अश्वत्थ मा, उनके पति आर अंबिकापति, उनकी बेटी और अश्वत्थ मा के बहनोई प्रदीप के घरों पर छापे मारे थे, जिसमें 42 करोड़ से अधिक की करंसी मिली है। उन्होंने कहा कि जिस अंबिकापति के घर से करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं, वो वही है जिसने कांग्रेस नेताओं के कहने पर कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा सरकार पर कमीशन लेने का आरोप लगाया था। आज उसी के घर से कांग्रेस के कमीशन के करोड़ों रुपये बरामद हुए हैं।

### कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार के एटीएम बन जाते हैं राज्य

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि जब भी किसी राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो वह एक परिवार के कहने पर, अपने नेताओं के इशारे पर राज्य का दोहन करने में लग जाती है। छत्तीसगढ़ में तो गाय के गोबर में भी घोटाला हो गया। शराब घोटाला, महादेव एप घोटाला, खनन घोटाला और न जाने कितने घोटाले हो गए। राजस्थान में भ्रष्टाचार के दस्तावेज लाल डायरी ने अशोक गहलोत की नींद उड़ा रखी है। महाराष्ट्र में इनकी अघाड़ी सरकार उगाही में ही लगी रही। झारखंड में भी कांग्रेस के समर्थन से चलने वाली सरकार के मु यमंत्री का भ्रष्टाचार सामने आया है। थोड़े दिनों के लिए जब मध्यप्रदेश में करप्शननाथ की सरकार आई थी, तब मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही खेल दिखाई दिया था। तत्कालीन मु यमंत्री कमलनाथ के पीए मिगलानी और मिस्टर कक्कड़ के घरों से करोड़ों रुपये बरामद हुए थे। श्री शर्मा ने कहा कि अगर भूल से भी मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आती है, तो कर्नाटक की ही तरह जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर दिल्ली के दरबार में चढ़ावा चढ़ाएगी।

## जिला न्यायाधीश ने दी संविधान के संबंध में जानकारी

लखनादौन यशोः- लखनादौन तहसील के बरबटी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में जिला न्यायाधीश ने दी संविधान के मौलिक अधिकार व कर्तव्य की जानकाी के साथ हीं बाल विवाह आदि कुरीति पूर्ण प्रथाओं के दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी दी। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व श्रीमान् राजीव एम. आप्टे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन तथा श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी की उपस्थिति में तहसील लखनादौन के ग्राम बरबटी में दिनांक 12.10.2023 को संविधान के मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय एवं बाल विवाह के रोकथाम पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य विषय एवं बाल विवाह के रोकथाम व उसके दुष्परिणाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# लोकतंत्र में एक एक मत का बहुत महत्वपूर्ण होता है

## कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पाठशाला का हुआ आयोजन



सिवनी यशोः- गत दिवस नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में संस्था संरक्षिका प्राचार्या डॉ अमिता पटेल के संरक्षण में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चुनावी पाठशाला का अयोजन मतदाता जागरूकता प्रभारी ओमप्रकाश सरवैया के मार्गदर्शन एवम देख रेख में अयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मु य अतिथि मतदाता जागरूकता (स्वीप) जिला नोडल अधिकारी श्रीमती डॉ.जोत्स्ना नवकार के द्वारा छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि,, कैसे एक– एक मत की अहम भूमिका होती है किसी प्रत्याशी हार जाने,, या विजय प्राप्त करने में,, आगे आपने छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया और साथ ही छात्राओं आपने आस पास, गांव, मोहल्ले, में संबंधितों को आवाश्यक रूप से आगामी चुनाव आपने मत का प्रयोग करना, मतदान करना, आदि के लिए जागरूक करने की अपील किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवम पूर्ण बहुमत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए राजनीति विभाग के वरिष्ठ प्रो.डॉ, कल्पना इंग्ले के द्वारा छात्राओं को संबोधित कर ,,हर एक व्यक्ति, हर एक घर, हर एक परिवार, मत का प्रयोग करें अबकी बार,, के नारे के द्वारा छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान को सफल बनाने में कार्यक्रम सहयोगी मोह मद रशीद खान के द्वारा मु य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए। उन्होंने कहा,, चुनाव के इस महाकुंभ में हर उस व्यक्ति को जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण है अपने मत का दान निष्पक्ष एवम आवाश्यक रूप से करना चाहिए.. कह कर छात्राओं मे मतदान के प्रति जागरुकता पैदा करने का प्रयास किया।

वही कार्यक्रम सहयोगी राकेश श्रीवास के द्वारा छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा,, आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग, अपने कॉलोनी, गांव, शहर, राज्य के जनहितैषी कार्यों के लिए एवम सर्वांगीण विकास, के लिए आवश्य करें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवम छात्राएं अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर एवम आगामी चुनाव में मतदान के प्रति मतदाता जागरुकता अभियान को सफल बनाने के लिए ,,गल्ली, मोहल्ले, गांव, शहर,समाज, तक जागरुक करने का विचार ग्रहण किया गया । इसी के साथ इस कार्यक्रम का समापन स पन्न हुआ।

# शांति समिति की बैठक में आचार संहिता का पालन करते हुए नवरात्र और दशहरा पर्व मनाने की अपील



बरघाट यशोः- आगामी त्यौहार नवरात्रि, दशहरा पर्व को लेकर नगर थाने पर एसडीएम महेश अग्रवाल की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जारी हुई आदर्श आचार संहिता और जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर जिले में धारा 144 के बीच त्योहार मानने को लेकर चर्चा की गई।

एसडीएम ने बताया कि रविवार से नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो रही हैं। वही नवरात्रि पर्व के बाद दशहरा भी मनाया जाएगा। विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू है। गरबा पंडाल, जुलूस, रैली अन्य कोई भी आयोजन बिना अनुमति नहीं करने के निर्देश दिए है। बैठक के माध्यम से लोगो से अपील करी है कि आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए त्योहार मनाए। बैठक में एसडीओपी ललित गठरे ने बताया कि निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन और आदर्श आचार संहिता के नियम के तहत डीजे साउंड लाउडस्पीकर आदि बजाने से पूर्व एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति डीजे या लाउड स्पीकर बजाने पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएंगी। बरघाट थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम ने बताया कि क्षेत्र व नगर में त्यौहार शांति पूर्ण रूप से संपन्न हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। सभी लोग को नियमो का पालन करते हुए त्यौहार मनाना चाहिए ।

तहसीलदार डा. संजय वरैया ने बैठक में कहा कि गरबा पंडाल कार्यक्रम आदि को लेकर सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर मंडल के सदस्यों के नाम मोबाइल नंबर को सूची पुलिस को दे । जिससे किसी भी परस्थिति के समय संपर्क किया जा सके। नवरात्री के दौरान बरघाट के देवी मन्दिर माता मढिया में भी भक्तों के की भारी सं या की जानकारी दी गयी। वही बताया गया कि दशहरा के दिन नगर परिषद के सामने सभी देवी प्रतिमा एकत्रित होकर भाव भारती का आयोजन किया जाता है, जिसको लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। प्रशासनिक स्तर पर मंडप व मंदिरों में की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। करीब 1 घंटे से अभी अधिक देर तक चली बैठक रात करीब 7 बजे खत्म हुई। प्रशासन ने आम लोगो से अपील करी है कि त्योहारों को आपसी सौहाद्र और शांति पूर्ण रूप से मनाए । आदर्श आचार संहिता के चलते नियमों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करे।

बैठक में एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी ललित गठरे, तहसीलदार डा. संजय वरैया, थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, पूर्व पार्षद अनिल पाठक, पार्षद ज्ञान सिंह चौधरी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील अवधिया, पूर्व पार्षद कुंवर सिंह राजपूत, जितेंद्र टेमरे, मनोज सूर्यवंशी सहित शांति समिति के सदस्य और देवी पूजा पंडाल के अध्यक्ष सदस्य गण व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने मतदाता पाती लिखकर माता-पिता एवं परिवारजनों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित



सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधि अंतर्गत जिले में सतत रूप से मतदाता जागरूकता विविध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिसका उद्देश्य आगामी निर्वाचन के दौरान शतप्रतिशत मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में शनिवार 14 अे टूबर को जिले के शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा अपने माता-पिता एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके अन्य परिचित मतदाताओं को शिक्षकों के मार्गदर्शन में मतदाता पाती लिखकर 17 नव बर 2023 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील की गई।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : वाद विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन का किया गया आयोजन

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश में चुनाव की घोषणा के बाद प्रशासन लोगो को मतदान के लिए जागरूक कर रहा है। वही स्कूलों व कालेजो के छात्र-छात्राओं द्वारा भी मतदाता जागरूकता गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। विधानसभा निर्वाचन में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधी अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय कुरई में मतदाता जागरूकता निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों द्वारा निबंध प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए निबंध एवं वाद-विवाद के माध्यम से मतदान के महत्व को बताया। एवं मतदाताओं से भी अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता करने की अपील की गई। वहीं कई युवक - युवती पहली बार मत का प्रयोग करेंगे। और वह खुद मतदान करने एवं लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान रासेयो स्वयंसेवक, कॉलेज विद्यार्थी, [illegible] स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# पदयात्रा यज्ञ व अनुष्ठान की तरह होती है - बलवंतानंद, ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा का समापन हुआ

**हम कांग्रेसजनों का दायित्व है कि गांधी जी के विचारों को आगे बढायें - राजकुमार खुराना**

**लोगों से मिला प्यार व स्नेह मेरे जीवन की पूंजी है- मोहन चंदेल**

सिवनी यशोः- जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधान सभा क्षेत्र सिवनी के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मोहन सिंह चंदेल द्वारा विगत 2 अे टूबर 2023 से प्रारंभ की गई ''ग्राम स्वराज परिवर्तन यात्रा'' का गत दिवस ग्राम कलारबांकी में समारोह पूर्वक समापन हुआ।

आज की यात्रा दोपहर 12 बजे ग्राम भोंगाखेड़ा, सोनाडोंगरी, खामखरेली, सिहोरा, बलारपुर, मगरकठा, सरगापुर, भाटीवाडा, मोआरी होते हुए ग्राम कांचना पहुंची। यहां पहुंचने पर सरपंच देवेन्द्र राय एवं नीरज राय के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने आत्मीय स्वागत किया।



ग्राम कांचना से पदयात्रा प्रारंभ हुई जो कि ग्राम जोगीवाडा होते हुए ग्राम कलारबांकी पहुंची। कलारबांकी पहुंचने पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता छिदामीलाल भलावी, मंडलम अध्यक्ष विवेक राय, से टर अध्यक्ष झनक लाल धुर्वे एवं कलारबांकी के वरिष्ठ नेता रामनाथ राय के नेतृत्व मे पदयात्री मोहन सिंह चंदेल एवं उनके सभी साथियों का आत्मीय स्वागत किया।

तदुपरांत आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए मौनी दादा आश्रम से पधारे स्वामी बलवंतानंद जी महाराज ने मु य अतिथि की आसंदी से कहा कि पदयात्रा एक यज्ञ व अनुष्ठान होती है। जो लोग पदयात्रा में चलते हैं। वे सब आहूती डालते हैं। स्वामी जी ने कहा कि आप कोई साधारण कार्यक्रम में नहीं आए हैं बल्कि एक क्रांतिकारी कार्यक्रम में आए हैं। उन्होने कहा कि इस पदयात्रा के कार्यक्रम में आकर आपने पूर्व के सभी महान पदयात्रियों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की है। यह अकेले मोहन चंदेल का कार्यक्रम नहीं है। यह महात्मा गांधी की दांडी यात्रा एवं राहुल गांधी द्वारा की गई ''भारत जोड़ो यात्रा'' की भावना से जुड़ा कार्यक्रम है।

स्वामी जी ने मोहन चंदेल के प्रति शुभकामना एवं आर्शीवाद प्रकट करते हुए कहा कि वे बधाई के पात्र हैं कि उन्होने जो संकल्प लिया था। उसे वे 30 वर्षो से निभा रहे हैं। उन्होने श्रीमति आशा चंदेल की भी सराहना की कि वे कस्तूरबा गांधी की तरह पदयात्रा में मोहन चंदेल का साथ दे रही हैं। स्वामी जी ने कहा कि आज सभी वक्ता बहुत अच्छा बोले। मैं सोच रहा था कि या बोलूं इस पर उन्होने एक शेर कहा कि– ''मुझे तो होश नहीं आप मशविरा दीजे, कहां से शुरू करूं और कहां खतम करूं''।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि आप गांधी जी के आज गांधी जी के बारे में तरह तरह की झूठी बातें सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई जा रही हैं परन्तु सोच के देखिए कि उस जमाने में जबकि संचार के साधन नहीं थे, संपर्क के साधन नहीं थे, यातायात के साधन नहीं थे, ऐसी विषम परिस्थितियों में गांधी जी ने पूरे देश में लोगों को इकट्ठा करके देश को आजाद करवा दिया। श्री खुराना ने कहा कि हम सभी कांग्रेसजनों का दायित्व है कि गांधी जी के विचारों को आगे बढायें। श्री खुराना जी ने मोहन सिंह चंदेल की सराहना करते हुए कहा कि हमें प्रसन्नता है कि हमारा एक साथी विगत 30 वर्षो से अपने संकल्प को पूरा करते हुए गांधी जी के बताये रास्ते पर चल रहा है।

इसके पूर्व परिवर्तन यात्रा के अपने अनुभवों को साझा करते हुए मोहन चंदेल ने कहा कि गांव गांव एवं रास्ते रास्ते लोगों से प्यार मिलता है, उससे रास्ते की थकान का एहसास नहीं होता है। श्री चंदेल ने कहा कि यही प्यार और स्नेह मेरे जीवन की पूंजी है।

श्री चंदेल ने यह भी कहा कि रास्ते में कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भैया टिकिट पक्की हो गई, तभी आप घूम रहे हो, मैने उन्हे भी उत्तर दिया एवं अभी इस सभा में भी बोल रहा हूँ कि अभी किसी को भी टिकिट नहीं मिली है। पार्टी जिसको टिकिट देगी उसका हम सभी लोग मिलकर काम करेंगे और उसको जितायेंगे।

सभ को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोह मद असलम खान, नरेश मरावी, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रसन्न मालू, जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य छिदामी लाल भलावी, विनोद पुरोहित ने भी संबोधित किया।

परिवर्तन यात्रा में लगातार साथ देने एवं प्रमुख भूमिका निभाने हेतु विनोद यादव अध्यक्ष पिछडा वर्ग विभाग, ददुआ पटेल, यात्रा के समन्वयक दादूराम सनाडय एवं सह समन्वयकश्री अर्पण संध्या, महाराज जी एवं श्री खुराना ने शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया।

सभा का संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी बंडोल के अध्यक्ष हरि जयसवाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन कलारबांकी के पूर्व सरपंच खलील खन ने किया।

इस अवसर पर सुरेन्द्र करोसिया, अतुल मालू, पवन दिवाकर, लल्लू बघेल, धनंजय सिंह, श्रीमति आशा चंदेल, रानी वैष्णव, पवन रेखा रिनायत, द्रोपदी चंदेल, तुलाराम डहेरिया, रामनाथ, कृष्णा कुर्वेती, सरपंच देवेन्द्र राय, गुड्डा भाईजान, एड.मिर्जा फैसल बेग, जयप्रकाश परिहार, नंदू यादव, रामनारायण रघुवंशी, जितेन्द्र सनोडिया, शिवदयाल पाल, अरविंद श्रीवास्तव, ओंकार राय, नीरज राय, विपस बघेल मुकेश राजपूत एवं देवेन्द्र सिरवैया सहित बड़ी सं या में लोग उपस्थित रहे।

## बाघ के हमले से एक और व्यक्ति हुआ घायल

सिवनी यशोः- कुरई वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बाघ के हमले से एक व्यक्ति के शिकार हो जाने के दो दिन बाद बाघ ने पुनः एक अन्य व्यक्ति पर हमला बोल दिया। दक्षिण सामान्य वन मंडल सिवनी के कुरई रेंज अंतर्गत ग्राम पिटेसुर में दो दिने के अंदर शुक्रवार को फिर दूसरा हमला किया है।

ग्राम पिटेसुर निवासी बस्तीराम सोनवानी 50 वर्ष मवेशी चराने जंगल गया था जो गांव के करीब 5:30 बजे शाम को झाड़ियां में छिपा बाघ ने बुरी तरह से घायल कर दिया जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरई उपचार हेतु भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उपचार हेतु जिला चिकित्सालय सिवनी भेजा गया। क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है।

पिछले दिनों दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत ही खवासा परिक्षेत्र में एक बाघ ने मवेशी चरा रहे एक व्यक्ति की गर्दन पर हमला कर उसे अपना शिकार बनाने के उद्देश्य से उस पर हमला किया था जिसकी उपचार के लिये ले जाते समय मौत हो गयी थी

# आज से शारदीय नवरात्र पर्व प्रारंभ सज गये दरबार

लखनादौन यशोः- शारदेय नवरात्रा पर्व को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं । मां भवानी की पूजा रविवार से प्रारंभ होने जा रही है । शारदीय नवरात्र में

**( अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:38 से दोप0 12:36 तक)**

**मंडपों की साझ-साज शुरू**



हर घर में माता के भक्ति की बयार बहेगी । नगर पर उत्सवी रंग चढ़ेगा । देवी दुर्गा को संसार की शक्ति का आधार माना गया है । वेदों और पुराणों मे देवी दुर्गा का वर्णन देवी भगवती और आदि शक्ति महागौरी आदि नामों से किया गया है । देवीभागवत में वर्णन किया गया है कि आश्विन मास में मां भगवती की पूजा करने से मनुष्य का कल्याण होता है ।

नगर सहित पूरे तहसील में प्रतिवर्ष दुर्गा समितियों द्वारा आकर्षक साज सज्जा और लाइटिंग के साथ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने तैयारियां अंतिम चरण में हैं । नगर में इस वर्ष सबसे आकर्षक का केन्द्र रघुनाथ कॉलोनी में माता की प्रतिमा विराजमान कर अग्रवाल स्टोर्स से पेट्रोल पंप चौराहा तक मार्ग के मध्य में लगाई जा रही आकर्षक विद्युत व्यवस्था होगी। प्राचीन परंपरा के अनुसार नगर के सिद्ध पीठ माने जाने वाले विभिन्न दुर्गा मंदिरों में कलष स्थापना के लिए मंदिरों की साफ सफाई और रंग रोगन का कार्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है । नगर के रघुनाथ कालोनी, पेट्रोल पंप, कचहरी रोड, बस स्टेट, बड़ी खैरमाई , सुनारी मोहल्ला, टोला रोड वार्ड क्र01 व 2, मण्डी, अंबेडकर वार्ड, बस-स्टेण्ड, शंकर मढ़िया व समनापुर सहित अन्य जगहों में पंडाल सजाये जा रहे हैं ।

इस वर्ष शारदीय नवरात्र की तिथियां नि न हैं, 01 अे टूबर इस दिन घटस्थापना अभिजीत मुर्हुत सुबह 11:38 बजे से लेकर दोपहर 12:36 बजे तक का है। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है इस दिन पद्य योग, 16 अे टू0 को छत्र योग, 17 अे टूबर श्रीवत्स योग, 18 को आयुष्मान योग, नवरात्र के चौथे दिन देवी दुर्गा के चन्द्रघंटा रूप की आराधना की जाती है। नवरात्र पर्व के पांच दिन सौभाग्य योग में मां भगवती के देवी कूष्मांडा स्वरूप की उपासना की जायेगी, नवरात्र के छटवें दिन सुस्थिर योग में भगवान कार्तिक की माता स्कंदमाता की पूजा की जाएगी, नारदपुराण के अनुसार आश्विन शु ल षष्ठी यानि शारदीय नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा करनी चाहिए । नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है । नवरात्र के आठवें दिन मॉ महागौरी की पूजा की जाती है । इस दिन कई लोग कन्या पूजन भी करते हैं नौंवे दिन भगवती के देवी सिद्वदात्री स्वरूप का पूजन किया जाता है । सिद्विदात्री की पूजा से नवरात्र में नवदुर्गा पूजा का अनुष्ठान पूर्ण हो जाता है । इस दिन कई जगह शस्त्रपूजा भी की जाती है । देवीभागवत के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने नौ दिन के नवरात्र व्रत को पूरा कर लंका पर चढ़ाई की थी और मां दुर्गा की अनुकंपा से ही श्रीराम ने विष्व विजयी रावण को पराजित किया था । शक्ति के नौ रूपों की पूजा से देवी प्रसन्न होकर उपासक को वरदान देती हैं जिससे उनके यहां सुख समृद्धि का संचार होता है । ज्योतिषीय गणना और तिथि के अनुसार इस वार नवरात्र में ग्रह नक्षत्रों के मेल से विशेष संयोग बन रहा है । ऐसे में देवी आराधना के साथ शुभ कार्य और खरीदारी के लिए विशेष शुभ रहेंगे । सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति रघुनार्थ कालोनी लखनादौन के शास्त्री पंडित तुलाराम दुबे ने बताया है कि इस बार मॉ दुर्गो का आगमन गज से होगा, गज सुख-समृद्धि का प्रतीक है । आकर्षक प्रतिमा, भव्य पंडाल एवं बड़े कार्यक्रमों के लिये नगर में प्रसिद्ध युवा मण्डल दुर्गा समिति रघुनाथ कॉलोनी द्वारा प्रत्येक वर्ष भव्य आयोजन कर नगर को हर बार नया दिखाने और देने का कार्य किया जाता है किन्तु इस संबंध में समिति के संरक्षक रमेश यादव ने बताया है कि इस वर्ष विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते आयोजनों पर प्रतिबंध लगा रहेगा जिससे आदर्श आचार संहिता में किसी प्रकार के आयोजन नहीं किए जायेंगे ।

## बिना पूर्व प्रमाणन विज्ञापन का प्रसारण करने पर स्थिति स्पष्ट करें

मण्डला यशोः- जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पाया गया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के सोशल मीडिया में 10 अे टूबर 2023 को मंडला गोंडवाना के नाम की फेसबुक आईडी से मंडला गोंड्वाना गणतंत्र पार्टी, फोटो/वीडियो में देवेन्द्र मरावी भोई निवास विधानसभा क्षेत्र क्रं. 106 प्रकाशित/शेयर है। उन्होने जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के बगैर पूर्व प्रमाणन बिना विज्ञापन/शेयर किया है। जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिटर्निंग ऑफीसर विधानसभा क्षेत्र निवास क्रं. 106 ने पत्र जारी कर देवेन्द्र मरावी से इस संबंध में अपना जवाब मय प्रमाण पत्र प्राप्ति के 48 घंटे के अंदर जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (जिला पंचायत कार्यालय कक्ष क्रं. 3) में प्रस्तुत करने को कहा है। अन्यथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77, 123(6) तथा भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 171 (एच) एवं 188 के तहत आवश्यक कार्यवाही करते हुए विज्ञापन में किए गए व्यय की राशि आपके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

## पितरों को श्रद्धा के साथ दी विदाई



सिवनी यशोः- सनातनी श्रद्धा के अनुसार पूर्वजो के प्रति स मान देने के पखवाड़े में सनातन धर्मवालंबियों ने पूर्वजो के प्रति भक्ति भाव से तर्पण कर उन्हें आदरांजलि दी कुछ व्यक्तियों ने अपने घरों में तर्पण किया तो अनेक व्यक्ति जलाशयों में पहुँचकर श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजो को पानी देते रहे । सिवनी नगरीय क्षेत्र के समीप पवित्र बैनगंगा नदी में अनेक सनातनी व्यक्तियों ने पूरे पखवाड़े तर्पण क्रिया को किया आज पितृमोक्ष अमावस्या के पवित्र पर्व पर लखनवाड़ा वैनगंगा नदी तट पर बड़ी सं या में श्रद्धालुजन पहुंचे जहां उन्होंने पितरों को विदाई देते हुए पवित्र वैनगंगा नदी में काली तिल व अन्य सामग्री नदी में प्रवाहित करते हुए दीपदान किया।

पितृ पक्ष के दौरान पितरों का श्राद्ध करने से जीवन में आने वाली बाधाएं परेशानियां दूर होती हैं और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

उपेन्द्र शास्त्री ने बताया कि पौराणिक ग्रंथों में वर्णित किया गया है कि देवपूजा से पहले जातक को अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए। पितरों के प्रसन्न होने पर देवता भी प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में जीवित रहते हुए घर के बड़े बुजुर्गों का स मान और मृत्योपरांत श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। इसके पीछे मान्यता है कि अगर, विधिनुसार पितरों का तर्पण न किया जाए तो उन्हें मुक्ति नहीं मिलती है। पूर्वजों के प्रति स मान और श्रद्धा का यह पवित्र एक पखवाड़े का होता है जिसमें पितरों की मुक्ति के लिये अनेक धार्मिक कृत्य किये जाते है ।

## वोटर सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केन्द्र

मंडला यशोः- जिले में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान 2023 के अंतर्गत योजना भवन कले ट्रेट कार्यालय में वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। जो मतदाताओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को वोटर सेल्फी प्वाईंट में पहुँचकर सेल्फी ली और जिले के मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में मेरा मत मेरा अधिकार और निष्पक्ष, निर्भीक, नैतिक मतदान करने की अपील की। अब मतदाता वोटर सेल्फी प्वाइंट योजना भवन में पहुंचकर जिले के सेल्फी ले रहे हैं।

## रानी दुर्गावती कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया

मण्डला यशोः- जिले में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मण्डला में प्राचार्य डॉ. व्ही.के. चौरसिया के निर्देशन और स्वीप प्रभारी डॉ. पी.एल. झारिया के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. व्ही.के. चौरसिया ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 17 नवंबर 2023 को विधानसभा निर्वाचन 2023 का मतदान दिवस है। सभी विद्यार्थी विधानसभा निर्वाचन में मतदान जरूर करें। मतदान के लिए अपने परिवार, आस-पड़ोस और जान-पहचान के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर डॉ. रामकुमार चौरसिया ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदान करने की महत्वता के बारे में बताया। डॉ. संध्या डेहरिया ने युवाओं को भारतीय लोकतंत्र की सफलता के बारे में बताया और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को डॉ. नेहा राय ने भी संबोधित और डॉ. रंजीता कमलेश ने आभार व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी सं या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिर तार

मंडला यशोः- आपरेशन ` लीन स्वीप के तहत मंडला पुलिस द्वारा पुरे जिले में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देशों के तारत य में थाना कोतवाली पुलिस टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रयदृविक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे प्राप्त सूचना पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी दौरान कोतवाली टीम को दिनांक 12.10.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजा उर्फ चप्पू बंजारा नाम का व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर स्मैक पीने वाले व्यक्तियों को बेचने के लिये स्टेडियम के पास तिलक वार्ड मंडला में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा स्टेडियम के पास तिलक वार्ड मंडला पहुँच आरोपी की घेराबंदी कर नियमानुसार तलाशी लेकर उनके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ ÷ब्राउन शुगर÷ कुल 8.76 ग्राम ( कीमत करीब 20 हजार रू) जप्त कर गिर तार किया जाकर आरोपी राजा उर्फ चप्पू बंजारा पिता स्व0 भद्दू बंजारा उम्र 30 साल निवासी खईया मोहल्ला तिलक वार्ड मंडला के विरूद्ध थाना कोतवाली मंडला में एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान की टीम जिसमें उपनिरीक्षक हरछठ ठाकुर, आरक्षक अमित गरयार, रमेश सिंगरौरे, आशीष धुर्वे, रज्जन तेकाम, मानसिह परस्ते, राखी बघेल, लकी श्रीवास की विशेष भूमिका रही ।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिला अंतर्गत नशे का खात्मा एवं स्मैक, गांजा, हेरोइन , नशीले इंजे शन इत्यादि अवैध मादक का कारोबार करने वाले अपराधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु ÷आपरेशन ` लीन स्वीप÷ लॉन्च किया गया है। अभियान के तहत ड्रग्स की तस्करीध्व्यापार में लिप्त व्यक्तियों की सूचना प्रदान करने के लिए मंडला पुलिस द्वारा नारकोटि स हेल्पलाईन मोबाईल न बर 75876 44166 जारी किया गया। उक्त नंबर पर किसी भी समय कॉल या व्हाट्सएप पर नशे के अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों से संबंधित सूचनाएं आमजन द्वारा पुलिस को दी जा सकेगी।

## कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएसटी के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया



मंडला यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक स पन्न कराने के लिए जिले में विभिन्न दलों का गठन और चेकपोस्टों की स्थापना की गई है। जिससे निर्वाचन कार्यों की हर गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने गत दिवस रात्रि में तहसील कार्यालय मंडला, कटरा और ग्राम पंचायत ढेंको पहुंचकर निर्वाचन हेतु गठित एफएसटी के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान एफएसटी टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं तक पहुँचेगा मतदाता जागरूकता का संदेश

### कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप गीत का किया विमोचन

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संचालित हैं। जिसका उद्देश्य आगामी मतदान दिवस में मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करना है। जिससे जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इसी उद्देश्य को लेकर शुक्रवार को जिला योजना भवन कले ट्रेट में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत स्वीप गीत का विमोचन किया गया। इस गीत को प्रसिद्ध लोकगायक श्याम बैरागी के द्वारा गाया गया है। गीत के बोल 'फिर चुनाव आया, मतदान ने बुलाया कि जागो मेरी बहना-जागो भैया मेरे भैया वोट डालने तू जाना रे........... थे। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने इस लोकगीत का विमोचन किया। सभाकक्ष में लोकगायक श्याम बैरागी ने मतदाता जागरूकता के गीत को गाकर सुनाया। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस गीत के माध्यम से मंडला जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिससे जिले के मतदाता मतदान के प्रति जागरूक होकर मतदान कर सकें। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोजित कार्यक्रम में लोकगायक श्याम बैरागी को स मानित किया। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन का कार्य निर्वाचन संबंधी कार्यक्रमों व कार्यों के साथ-साथ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मतदान करना ऐसा दायित्व है जिसमें हर मतदाता की जि मेदारी है कि वह मतदान करे। इसके लिए जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में महिला-पुरूषों, वृद्धजनों, युवाओं और दिव्यांग मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है कि आगामी 17 नवंबर 2023 को मतदान अवश्य करें। जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत युवाओं, ट्राईबल्स, मीडियाकर्मियों और औद्योगिक क्षेत्र के मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को बताया जा रहा है कि सभी मतदाता उत्साहपूर्वक अपने-अपने मतों का प्रयोग करें। इससे हमारे देश का लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता भय, लालच, प्रलोभन में आकर मतदान न करे। सभी मतदाता निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से मतदान करें। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान को गांव-गांव एवं घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया। उन्होंने जिंगल, पंपलेट और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूलों और विभिन्न कार्यक्रमों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिससे मतदाता जागरूकता का यह अभियान जिले के 7 लाख 93 हजार मतदाताओं तक पहुंच सके। आयोजित कार्यक्रम में अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कले टर सीएल वर्मा, हुनेन्द्र घोरमारे, अरविंद कुमार सिंह, डिप्टी कले टर लालसाय जगेत सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडियाकर्मी मौजूद थे।

## प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया 16 अ टूबर से 18 अ टूबर तक संपन्न होगी

### प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) और सहायता हेतु कर्मिकों के नियुक्ति आदेश जारी

मण्डला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए ईव्हीएम/व्हीव्हीपीएटी मशीनों के प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया 16 अे टूबर को ऑनलाईन सिस्टम ईएमएस 2.0 के माध्यम से संपन्न की जाएगी। प्रथम रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया के उपरांत 16 अे टूबर से 18 अे टूबर तक ऑनलाईन सिस्टम ईएमएस 2.0 के माध्यम से जनरेट रेंडमाईजेशन सूची के अनुसार ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी मशीनों के आईडी नंबरों का मिलान कर मशीनों को चिन्हित कर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रिटर्निंग ऑफिसर को सौंपा जाएगा। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने रिटर्निंग ऑफिसरों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की मशीनों को ईव्हीएम वेयरहाउस से निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए परिवहन कर रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलीटेंनिक कॉलेज मंडला स्ट्राँग रूम तक लाने और सभी मशीनों को ईएमएस 2.0 मोबाईल एप के माध्यम से रिसीव कर निर्धारित स्ट्राँग रूम में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रेंडमाईजेशन के उपरांत संपादित की जाने वाली संपूर्ण कार्यवाही के लिए प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) की सहायता के लिए कर्मिकों की नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक विधानसभा क्षेत्र बिछिया के लिए प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) सोनल सिडाम रिटर्निंग ऑफीसर बिछिया तथा प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) की सहायता हेतु अरूण राणे उपयंत्री, सम्राट कुड़ापे उपयंत्री, आयुषी श्रीधर उपयंत्री, आदित्य सिंधिया सहायक प्रोग्रामर, अनुज चंद्रौल क प्यूटर ऑपरेटर, ओमकार जंघेला भृत्य, भैयालाल भारती भृत्य, राजेन्द्र उईके भृत्य, संजय पटेल भृत्य, मनीष कुमार झारिया भृत्य और अभय कुमार बालकवार भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र निवास के लिए क्षमा सराफ सहायक रिटर्निंग ऑफिसर निवास को प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) एवं प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) की सहायता हेतु महेश मिश्रा उपयंत्री, संजय सार्वे उपयंत्री, उपासना बघेल उपयंत्री, सतीश लखेरा क प्यूटर ऑपरेटर, धनेश्वर नंदा क प्यूटर ऑपरेटर, मूलचंद धुर्वे भृत्य, अनंतराम मरावी भृत्य, राजेश नंदा भृत्य, जितेन्द्र कुमार ठाकुर भृत्य, देवेन्द्र कुमार बघेल भृत्य और शत्रुघन धुर्वे भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र मंडला के लिए अजेन्द्रनाथ प्रजापति सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मंडला को प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) एवं प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) की सहायता के लिए शीतल तिवारी उपयंत्री, रमाईलाल उईके उपयंत्री, पूजा पिपलेवार उपयंत्री, दीपमणि कछवाहा क प्यूटर ऑपरेटर, संतोष बरमैया क प्यूटर ऑपरेटर, नर्मदा मरावी भृत्य, प्रशांत नंदा भृत्य, अमित मार्को भृत्य, आदित्यराज उईके भृत्य, रोशनलाल मानिकपुरी भृत्य और गणेश प्रसाद यादव भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार से समस्त विधानसभा क्षेत्रों के लिए रिजर्व दल के रूप में प्रभारी अधिकारी (रेंडमाईजेशन) की सहायता के लिए तेजसिंह वर्मा उपयंत्री, कोमलसिंह मरावी उपयंत्री, दीप्ति उपवासी उपयंत्री, गौरव साहू क प्यूटर ऑपरेटर, जयकिशोर बैरागी क प्यूटर ऑपरेटर, संदीप बैरागी भृत्य, राधेलाल पूसाम हेल्पर, अखिलेश वरकड़े भृत्य, भैयालाल भृत्य, सुकेश कुमार अरसिया भृत्य और राकेश कुमार मरावी भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

## रिटर्निंग ऑफिसर बिछिया ने प्रदीप गोस्वामी को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा

मण्डला यशोः- रिटर्निंग ऑफिसर क्रमांक-105 बिछिया ने प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया जिला मंडला को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-105 बिछिया के अंतर्गत 12 अे टूबर को ग्राम रामनगर में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने जारी पत्र में बताया कि रामनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्हीएसटी रिपोर्ट एवं वीडियो रिकॉर्डिंग से यह संज्ञान में आया है कि कार्यक्रम स्थल के आसपास लगे अनेक पोस्टरों में मुद्रक/प्रकाशक का नाम मुद्रित नहीं था। जो आपके द्वारा मुद्रित करवाया गया है। उन्होंने बताया कि जिला दंडाधिकारी मंडला के आदेश के तहत 9 अे टूबर से संपूर्ण मंडला जिले की राजस्व सीमा में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। निषेधाज्ञा आदेश की कंडिका 14 में चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य हेतु मुद्रित कराए जाने वाले पंपलेट, पोस्टर आदि पर मुद्रक का नाम मुद्रित होना अनिवार्य किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर बिछिया ने श्री गोस्वामी को इस संबंध में जवाब (मय प्रमाण) सहित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बिछिया में 13 अे टूबर को सायंकाल 8 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत करने को कहा है। नियत अवधि में जवाब प्राप्त नहीं होने की दशा में निषेधाज्ञा आदेश एवं 127 क (1) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 दण्ड विधान की धारा 188 के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में एकपक्षीय रूप से निर्णय लेकर विधिस मत कार्यवाही कर दी जाएगी।

## क प्यूटर प्रशिक्षण 16 अे टूबर से शुरू

बालाघाट यशोः- नगर की सहस्त्रबाहु एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा क प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स 16 अे टूबर से प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें क प्यूटर फन्डामेन्टल, क प्यूटर ऑपरेटिंग, एम.एस. वर्ड, ऐ सेल, पॉवरपाइंट, इंटरनेट, पेजमेकर, कोरलड्रॉ, डीटीपी, बेसिक एकाउंटिंग, क प्यूटराईज्ड एकाउंटिंग 10 प्रकार के कोर्स प्रशिक्षण दिया जायेगा।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297